खेलकूद से बच्चों का होता है सर्वांगीण विकास - श्यामधनी राही

सिद्धार्थनगर। लोटन ब्लाक क्षेत्र के बनियाडीह स्थित जनता इंटर कॉलेज के प्रांगण में गुरुवार को ब्लाक स्तरीय बेसिक बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक समारोह सत्र 2026-27 का आयोजन किया गया। बेसिक शिक्षा परिषद एवं समग्र शिक्षा सिद्धार्थनगर के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि कपिलवस्तु विधायक श्यामधनी राही तथा विशिष्ट अतिथि भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ. संजय कुमार शुक्ल ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान पूर्व माध्यमिक विद्यालय पननी की छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत कर अतिथियों का स्वागत किया। विधायक श्यामधनी राही ने कहा कि खेलकूद प्रतियोगिताएं बच्चों के सर्वांगीण विकास का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। खेल से बच्चों में अनुशासन, आत्मविश्वास, टीम भावना और आपसी सहयोग की भावना विकसित होती है। ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाओं को ऐसे आयोजनों से अपनी क्षमता प्रदर्शित करने का अवसर मिलता है। विशिष्ट अतिथि डॉ. संजय कुमार शुक्ल ने कहा कि शिक्षा के साथ खेलकूद भी बच्चों के जीवन में महत्वपूर्ण स्थान रखता है। खेल से शारीरिक और मानसिक विकास होता है। उन्होंने बच्चों को पढ़ाई के साथ खेलों में भी बढ़-चढ़कर प्रतिभाग करने के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिता के परिणामों में प्राथमिक संवर्ग की 50 मीटर दौड़ में प्राथमिक विद्यालय पननी के



विकास ने प्रथम, खखरा भेलौजी के पवन ने द्वितीय तथा पननी के ब्यास ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 100 मीटर दौड़ में भी पननी के विकास ने प्रथम स्थान हासिल किया। ब्यास द्वितीय तथा अमन तृतीय स्थान पर रहे। बालिका वर्ग की लंबी कूद में सेमरी सोतियाडाड़ी की आयुषी मिश्रा ने प्रथम, महदेइया की शिवानी ने द्वितीय तथा मानसी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं बालक वर्ग की लंबी कूद में भेलौजी बुजुर्ग के पवन ने प्रथम, नेतवर के निखिल ने द्वितीय तथा हरिवंशपुर के शिवशंकर ने तृतीय स्थान हासिल किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक विकास चंद्र मिश्र ने किया। इस दौरान ब्लाक प्रमुख आशीष सिंह, खंड शिक्षा अधिकारी प्रदीप कुमार नायक, ब्लाक व्यायाम शिक्षक रामशंकर पाण्डेय, भाजपा मंडल महामंत्री सतीश वर्मा,रुद्रनारायण पांडेय,

विनोद मिश्रा, सुजीत राजभर, सतीश वर्मा, मुनीराम राजभर, शिवम विश्वास, सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं गणमान्य लोग मौजूद रहे।

स्वच्छता के सिपाहियों का सम्मान करना हम सबका दायित्व-श्याम जायसवाल

बढ़नी बाजार (सिद्धार्थनगर)। नगर पंचायत बढ़नी बाजार के विकास और जनसेवा में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले सभासदों एवं सफाई कर्मचारियों के सम्मान में गुरुवार को एक समारोह आयोजित किया गया। बढ़नी ब्लॉक स्थित डाक बंगला परिसर में आयोजित कार्यक्रम में नगर के विकास और स्वच्छता व्यवस्था में उल्लेखनीय भूमिका निभाने वाले कर्मियों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्याम जायसवाल उपस्थित रहे, जबकि अध्यक्षता नगर पंचायत अध्यक्ष सुनील अग्रहरि ने की। इस अवसर पर नगर पंचायत के सभी वार्डों के सभासदों को नगर के विकास में उनके सहयोग और सक्रिय भागीदारी के लिए सम्मानित किया गया। वहीं, नगर की स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने में जुटे सफाई कर्मचारियों को भी उनके



योगदान के लिए अंगवस्त्र और मिठाई भेंटकर सम्मानित किया गया।

समारोह में वक्ताओं ने कहा कि नगर का समग्र विकास जनप्रतिनिधियों, कर्मचारियों और नागरिकों के आपसी सहयोग से ही संभव है। सफाई कर्मचारी नगर को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उनके श्रम और समर्पण का सम्मान समाज की जिम्मेदारी है।

ब्लाक स्तरीय वार्षिक खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता में रेहरा का रहा दबदबा

सिद्धार्थनगर। नौगढ़ विकास खंड की ब्लाक स्तरीय आयोजित प्राथमिक विद्यालयों की वार्षिक खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता में न्याय पंचायत रेहरा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपना दबदबा कायम रखा। प्रतियोगिता में दौड़, कबड्डी, खो-खो और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में नन्हें खिलाड़ियों ने दम दिखाया।

जिला स्टेडियम में आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता में 50 मीटर दौड़ बालक वर्ग में प्रा.वि. सेमरियांव के आदित्य प्रथम, गोसाईपुर के रहमतुल्लाह द्वितीय और सेमरियांव के फैजान तृतीय रहे। बालिका वर्ग में सनई लगड़ी की अर्चना प्रथम, गोसाईपुर की शिवानी द्वितीय और गोसाईपुर की चांदनी तृतीय रहीं। दो सौ मीटर दौड़ बालक वर्ग में गोसाईपुर के रहमतुल्लाह प्रथम, सेमरियांव के आदित्य कुमार द्वितीय और सनई लगड़ी के विवेक तृतीय रहे। बालिका वर्ग में सनई लगड़ी की अर्चना प्रथम, गोसाईपुर की शिवानी द्वितीय और सनई लगड़ी की अर्चना तृतीय रहीं। 400 मीटर दौड़ बालक



वर्ग में सेमरियांव के आदित्य ने फिर पहला स्थान जीता, सेमरियांव के फैजान द्वितीय और गोसाईपुर के अजय तृतीय रहे। बालिका वर्ग में गोसाईपुर की चांदनी प्रथम, सनई लगड़ी की अर्चना द्वितीय और बेलसड़ की महक तृतीय रहीं। कबड्डी बालिका वर्ग में प्राथमिक विद्यालय सनई लंगड़ी की टीम विजेता बनी। संयुक्त रूप से प्राथमिक विद्यालय कपिया मिश्र और बसौनी की टीम उपविजेता रही। वहीं खो-खो और कबड्डी में न्याय पंचायत रेहरा ने बालक और बालिका दोनों वर्गों में चैंपियन बनकर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। रेहरा की दोनों टीमों के शानदार खेल की सभी ने सराहना की।

सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में न्याय पंचायत रेहरा की टीम प्रथम स्थान पर रही। पटनी जंगल और गोसाईपुर की टीमें उपविजेता रहीं। अंत में खंड शिक्षा अधिकारी राम कुमार सिंह ने अतिथियों के प्रति आभार जताया। संचालन नियाज कपिलवस्तुवी ने किया।

इस मौके पर उपेंद्र नाथ उपाध्याय, सीमा द्विवेदी, शिक्षक सत्येंद्र गुप्ता, अरुण सिंह, राकेश पांडेय, विनयकांत मिश्रा, सुधाकर मिश्रा, शमशाद, आरती चौधरी, माहेश्वरी पाठक, सौम्य सोनकर, रंभा मिश्रा, साक्षी श्रीवास्तव, अभय सिंह, स्मिता श्रीवास्तव, दिव्या जायसवाल, ज्योति यादव, मोहिनी त्रिपाठी, आलोक श्रीनेत, रमेश चंद्र यादव, वीरेंद्र शर्मा आदि की उपस्थिति रही।

नीलगाय से भिड़ंत में बाइक सवार तीन घायल, एक की हालत गम्भीर

बांसी (सिद्धार्थनगर)। स्थानीय कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत बांसी-धानी मार्ग स्थित गोहर चौराहा के निकट नीलगाय से टकरा कर बाइक सवार तीन युवक घायल हो गए जिसमें एक की हालत गम्भीर देख डॉक्टर ने जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। घटना बृहस्पतिवार दोपहर की है। महराजगंज जनपद व बृजमनगंज थाना क्षेत्र के घिवपिड टोला चक्रवाराण निवासी दीपक पुत्र रामनाथ साहनी (18), शिवम पुत्र ओम प्रकाश साहनी (18), धनंजय पुत्र शिव प्रसाद (17) बजाज पल्सर बाइक संख्या यूपी 56 बीबी 2445 से तीनों युवक बैठकर बांसी आए थे । बांसी से वापस घर जाते समय गोहर चौराहा से आगे बांसी-धानी मार्ग पर अचानक नीलगाय आ गया। नीलगाय से टकरा कर तीनों घायल हो गए। सूचना पर सीसी टीम थाना बांसी द्वारा मौके पर पहुंचकर घायलों को इलाज हेतु 50 शैय्या युक्त संयुक्त चिकित्सालय पहुंचाया गया । दीपक की स्थिति को गम्भीर देख चिकित्सकों द्वारा जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। पुलिस ने परिजनों को सूचित किया। सूचना पर परिजन मौके पर पहुंच गये हैं।

संगीतमय श्रीमद्भागवत महापुराण कथा 12 नवंबर से

बांसी (सिद्धार्थनगर)। स्थानीय तहसील क्षेत्र के ग्राम महुआ खुर्द में 12 नवम्बर बृहस्पतिवार से संगीतमय श्रीमद्भागवत महापुराण कथा का आयोजन किया जाएगा। 22 नवम्बर रविवार तक चलने वाले इस धार्मिक आयोजन को लेकर तैयारियां की जा रही हैं। कथा का वाचन कथावाचिका आराधना देवी जी के मुखारविंद से किया जाएगा।

मृत महिला की फर्जी व कूटरचित वसीयत तैयार कर कब्जा करने के मामले में मुकदमा दर्ज

बांसी(सिद्धार्थनगर)। मृत महिला की फर्जी और कूटरचित वसीयत तैयार कर संपत्ति पर कब्जा करने और राजस्व अभिलेखों में गलत नाम दर्ज के मामले में कोतवाली पुलिस ने बुधवार को पुलिस अधीक्षक के आदेश पर चार आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी और कूट रचित दस्तावेज तैयार करने का मामला दर्ज किया है। कुसुम शाह निवासी रुद्रनगर हाउस, मालवीय रोड, बस्ती ने पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर को दी गई अपनी तहरीर में आरोप लगाया है कि उनकी सास राजकुमारी पत्नी स्व वीरेंद्र प्रताप शाह का निधन 25 दिसंबर 2018 को हो चुका था, जिनका मृत्यु प्रमाण पत्र भी उपलब्ध है। आरोप है कि जितेंद्र प्रताप सिंह पुत्र कृष्ण प्रताप सिंह और अमरजीत सिंह पुत्र हरकेश सिंह ने षड्यंत्र रचकर किसी अन्य महिला को मृतका राजकुमारी के रूप में पेश किया और 30 अक्टूबर 2025 को एक फर्जी वसीयत तैयार करा लिया।

इस फर्जीवाड़े में हरीश चंद्र पुत्र रामराज और चंद्रजीत पुत्र वदी द्वारा गवाह के रूप में सहयोग किए जाने का आरोप है। आरोपियों पर सिद्धार्थनगर के बांसी तहसील अंतर्गत सीहाजुड़ी तप्पा असनार स्थित संपत्ति को हड़पने के उद्देश्य से फर्जी वसीयत के आधार पर खतौनी एवं राजस्व अभिलेखों में नाम दर्ज कराने का गंभीर आरोप है। इस मामले में कोतवाली पुलिस ने पुलिस अधीक्षक के आदेश पर मुकदमा दर्ज किया है। इस मामले की विवेचना व जांच उपनिरीक्षक शम्श जावेद खान को सौंपी गई है। इस सन्दर्भ में कोतवाल महेन्द्र प्रताप चतुर्वेदी ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच किया जा रहा है।

उ.प्र. के कोटेदारों को कमीशन न मिलने से दिपावली फीकी रहने का चिन्ता

सिद्धार्थनगर। आगामी त्यौहार दीपावली नजदीक है, लेकिन प्रदेश के कोटेदारों का कमीशन अभी तक नहीं आया है। क्या इस बार भी कोटेदारों को बिना कमीशन के ही दीपावली मनानी पड़ेगी? आखिर उत्तर प्रदेश में कोटेदारों की ऐसी क्या स्थिति बना दी गई है कि अपने ही मेहनत के पैसे के लिए बार-बार गुहार लगानी पड़ती है? कमीशन का भुगतान 5-5 महीने तक रोक दिया जाता है। पुराने बकाये की मांग तो फिलहाल हम नहीं कर रहे हैं, लेकिन कम से कम वर्तमान में किया गया वितरण का कमीशन तो समय से दिया जाए। कोटेदार भी अपने परिवार का पालन-पोषण करते हैं, उनकी भी आर्थिक जिम्मेदारियां हैं और उनके भी त्योहार हैं। आखिर कब तक कोटेदार उधार लेकर अपना काम चलायेंगे? खाद्य एवं रशद विभाग से सीधा सवाल है कि जब वितरण का कार्य समय से कराया जाता है तो कमीशन का भुगतान समय से क्यों नहीं किया जाता? क्या कोटेदारों को अपने मेहनत के पैसे के लिए हर बार आंदोलन और मांग करनी पड़ेगी? विभाग तत्काल स्पष्ट करे कि कमीशन कब तक जारी होगा। अब केवल आश्वासन नहीं, भुगतान चाहिए। कोटेदारों को उनका मेहनताना समय से देना विभाग की जिम्मेदारी है, कोई एहसान नहीं!

यह बात समझ नहीं आ रहा है कि विभाग की तरफ से हर बार सिर्फ यही सूचना जारी कर दी जाती है कि कोटेदारों का कमीशन 6-7 दिनों के अंदर उनके खातों में भेज दिया जाएगा, लेकिन सवाल यह है कि इन आदेशों और सूचनाओं का पालन कौन कराएगा? घोषणा तो बार-बार हो जाती है, लेकिन जमीनी स्तर पर उसका कोई असर दिखाई नहीं देता। न तय समय पर कमीशन आता है और न ही कोई जवाबदेही तय होती है।

कोटेदार सिर्फ तारीख पर तारीख और आश्वासन पर आश्वासन सुनते रहते हैं। आखिर कब तक कोटेदार अपने मेहनत के पैसे के इंतजार में अपना कीमती समय बर्बाद करते रहेंगे? अगर विभाग समय-सीमा जारी करता है तो उसका पालन भी सुनिश्चित करे। कोटेदारों को तारीख नहीं, उनका बकाया मेहनताना चाहिए। जिले के सभी कोटेदारों ने लोकप्रिय मुख्यमंत्री माननीय योगी आदित्यनाथ जी से बकाए धनराशि को जल्द ही जारी करने का मांग किया है।

सदर नगरपालिका बोर्ड की बैठक संपन्न: विकास कार्यों और जनहित के मुद्दों पर हुई चर्चा

सिद्धार्थनगर। सदर नगरपालिका कार्यालय के सभागार में नगरपालिका बोर्ड की एक महत्वपूर्ण बैठक आहूत की गई। नगरपालिका अध्यक्ष गोविन्द माधव की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में अधिशासी अधिकारी अजय कुमार सिंह और अधिशासी अभियंता आशीष सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे।

बैठक की शुरुआत में पिछले प्रस्तावों की संपुष्टि के साथ शहर में चल रहे विकास कार्यों और आगामी योजनाओं की प्रगति पर विस्तार से चर्चा की गई। बोर्ड बैठक के दौरान पार्षदों ने अपने-अपने वार्डों की समस्याओं, जैसे कि पेयजल, जल निकासी, पथ प्रकाश (स्ट्रीट लाइट) और सड़क निर्माण के मुद्दों को प्रमुखता से उठाया।

इस पर अध्यक्ष और अधिकारियों ने जल्द से जल्द समस्याओं का समाधान करने का आश्वासन दिया। बैठक के दौरान बड़ी संख्या में सभासद और सभासद प्रतिनिधि उपस्थित रहे। इनके अलावा नगरपालिका के अन्य सभी सम्मानित सभासद, मनोनीत सभासद तथा संबंधित विभागों के कर्मचारी भी बैठक में मौजूद रहे। बैठक का समापन शहर के चहुंमुखी विकास के संकल्प के साथ हुआ।

सड़क सुरक्षा के नियमों के प्रति किया जागरुक

उसका बाजार सिद्धार्थनगर । स्थानीय थाना के प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार तिवारी के निर्देश क्रम में सीसी टीम उसका बाजार द्वारा गुरुवार को उपनिरीक्षक अरविंद कुमार द्विवेदी के नेतृत्व में यातायात माह में विशेष जागरूकता अभियान के क्रम में क्षेत्र के उसका राजा पुलिस पिकेट पर लोगों को सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने के प्रति जागरूक किया गया।इस मौके पर उप निरीक्षक ने कहा कि सड़क पर बाइक चलाते समय होने वाले एक्सीडेंट में ज्यादातर मौतें हेलमेट के अभाव में होती हैं।इस लिए दो पहिया वाहन चलाते समय सड़क और यातायात नियमों का पालन करे और हेलमेट का अवश्य प्रयोग करें।जब कि चार पहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट लगाने ,मादक द्रव्य का सेवन कर वाहन न चलाने के बारे में जागरूक किया।जागरूकता के क्रम में जगह ब जगह पुलिस ने पंपलेट ,बैनर ,हैंडबिल आदि लगाकर लोगों को



धीमी गति से वाहन चलाने,सड़क और यातायात नियमों का पालन करने के लिए जागरूक किया।इस मौके उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं के न्यूनीकरण के लिए आवश्यक है कि दुर्घटना पूर्व सावधानी बरती जाए।आमजन की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के तहत जानकारी देते हुए सीसी टीम के प्रभारी उपनिरीक्षक अरविंद कुमार द्विवेदी ने बताया कि भीड़भाड़ वाले स्थानों पमुख चौराहों और तिराहे पर सघन वाहन चेकिंग अभियान के क्रम में यातायात सुधारने का क्रम जारी रहेगा।

शिक्षक संघ ने मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

खलीलाबाद (संतकबीर नगर)। हीरालाल रामनिवास स्नातकोत्तर महाविद्यालय के इकाई शिक्षक संघ द्वारा अशासकीय सहायता प्राप्त महाविद्यालयों के शिक्षकों की लंबित मांगों को लेकर माननीय मुख्यमंत्री को ज्ञापन दिया गया। शिक्षक संघ के अध्यक्ष प्रो0 अमित कुमार भारती एवं महामंत्री डॉ0 प्रदीप कुमार ने बताया कि शासन व उच्च शिक्षा निदेशालय स्तर पर सकारात्मक वार्ता के अभाव के चलते शिक्षकों में गहरा आक्रोश है, जिसके कारण विवश होकर फुपुक्टा के आह्वान पर चरणबद्ध आंदोलन का रास्ता चुनना पड़ा है।

इस दौरान सुआक्टा अध्यक्ष डॉ शशिकांत राव, एआइफुक्टो के पूर्व जोनल सेक्रेटरी प्रो. राजेश चंद्र मिश्र, जिला उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम पाण्डेय, इकाई उपाध्यक्ष डॉ0 नेहा सिंह, सुआक्टा प्रतिनिधि श्रीमती दीप्शी सिंह, संयुक्त मंत्री श्री विजय बहादुर, कोषाध्यक्ष श्री विद्याभूषण तथा अन्य सम्मानित शिक्षकों में डॉ फखरे आलम, डॉ मनोज मिश्रा, डॉ मनोज वर्मा, डॉ अभय गुप्ता, डॉ विजय कुमार त्रिपाठी , डॉ शौर्य जीत सिंह,डॉ राजेश गुप्ता, मनोज भारतीय इत्यादि ने भी शिक्षकों के लोकतांत्रिक अधिकारों और सम्मान की रक्षा हेतु एकजुटता प्रकट की।

ज्ञापन में मुख्य रूप से पुरानी पेंशन बहाली, सेवानिवृत्ति आयु 65 वर्ष करने, राज्य कर्मचारियों की भांति चिकित्सकीय अवकाश देने तथा सभी पात्र शिक्षकों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा का लाभ देने की मांग उठाई गई। इसके अतिरिक्त एनईपी के तहत वर्ष भर चलने वाली परीक्षाओं के स्थान पर वार्षिक परीक्षा व्यवस्था लागू करने, एआई मूल्यांकन व एमसीक्यू पद्धति पर रोक लगाने, समर्थ पोर्टल की विसंगति, स्थानांतरण में एनओसी की जटिलता समाप्त करने, 62 वर्ष पर ग्रेच्युटी भुगतान जैसी कुल 31 मांग संघ के पत्र मे है ।

फतेह बहादुर सिंह का किया गया स्वागत

संतकबीरनगर। भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला उपाध्यक्ष फते बहादुर सिंह उर्फ जोखई सिंह को उत्तर प्रदेश भाजपा कार्यसमिति का सदस्य बनाए जाने के बाद गुरुवार को पहली बार संतकबीरनगर जिले में आगमन पर उनका जगह-जगह स्वागत किया गया। इसी क्रम में धनघटा चौराहे पर व्यापार मंडल अध्यक्ष उदय राज अग्रहरी के नेतृत्व में उनका फूल-मालाओं के साथ भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया।

इस दौरान व्यापार मंडल अध्यक्ष उदय राज अग्रहरी ने फतेह बहादुर सिंह को नई जिम्मेदारी मिलने पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि फते बहादुर सिंह लंबे समय से भारतीय जनता पार्टी से जुड़कर संगठन के लिए कार्य करते आ रहे हैं। पार्टी के प्रति उनकी निष्ठा, समर्पण और संगठनात्मक अनुभव को देखते हुए उन्हें प्रदेश कार्यसमिति में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई है। यह संतकबीरनगर जिले के लिए भी गौरव की बात है।स्वागत के दौरान कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों में खासा उत्साह देखने को मिला। फूल-मालाओं से लादकर उनका स्वागत किया गया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने उनके उज्वल राजनीतिक भविष्य की कामना करते हुए उम्मीद जताई कि प्रदेश कार्यसमिति में नई जिम्मेदारी मिलने के बाद वह संगठन को और अधिक मजबूत बनाने के साथ ही जिले की समस्याओं और विकास से जुड़े मुद्दों को भी प्रमुखता सेउठाएंगे।

फतेह बहादुर सिंह उर्फ जोखई सिंह ने स्वागत करने वाले व्यापार मंडल अध्यक्ष उदय राज अग्रहरी एवं उपस्थित लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने पार्टी नेतृत्व द्वारा जताए गए विश्वास पर खरा उतरने तथा संगठन की मजबूती के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करने की बात कही।

खेल प्रतिभाओं का संगम, बच्चों ने बिखेरा जलवा

शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर। वीरेन्द्र ग्रामीण स्टेडियम छतहरी शोहरतगढ़ में गुरुवार को परिषदीय विद्यालयों की ब्लॉक स्तरीय बेसिक बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन उत्साह और उमंग के बीच किया गया। प्रतियोगिता में नन्हे खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा, खेल कौशल और दमखम का शानदार प्रदर्शन कर खूब तालियां बटोरीं। विभिन्न खेल स्पर्धाओं में खिलाड़ियों ने जीत के लिए पूरा जोर लगाया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि शिवपति इन्टर कॉलेज के प्रधानाचार्य विक्रम प्रसाद यादव एवं उप प्रधानाचार्य रामबिलास यादव ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद खण्ड शिक्षा अधिकारी संजय कुमार की अगुवाई में मुख्य अतिथियों ने खेल ध्वज फहराया और रंग-बिरंगे गुब्बारे आसमान में छोड़कर प्रतियोगिता का औपचारिक उद्घाटन किया। इसके साथ ही मशाल प्रज्वलित कर छात्रा लक्ष्मी ने मैदान में दौड़ लगाई और खेल भावना का सन्देश दिया।प्रतियोगिता में प्राथमिक स्तर के बालक वर्ग की 50 मीटर दौड़ में रमजान अली प्रथम, सुभाष द्वितीय और आर्यन तृतीय स्थान पर रहे। 100 मीटर दौड़ में कृष्णा ने पहला, सुभाष ने दूसरा और शहबान ने तीसरा स्थान हासिल किया। 200 मीटर दौड़ में विनय प्रथम, सुभाष द्वितीय



और अंकेश तृतीय रहे। कबड्डी में कोइरीडीहा की टीम विजेता तथा पीएम श्री छतहरा की टीम उपविजेता रही। खो-खो में भी कोइरीडीहा ने बाजी मारी, जबकि सिकटिहवा की टीम उपविजेता बनी। बालिका वर्ग की 50 मीटर दौड़ में सुहानी प्रथम, महिमा द्वितिय और सुमन तृतीय रहीं। 100 मीटर दौड़ में सुहानी ने प्रथम, सुमन ने द्वितीय और करिश्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 200 मीटर दौड़ में सुमन प्रथम, शीला द्वितीय और रागिनी तृतीय स्थान पर रहीं। कबड्डी में पिपरहवा की टीम विजेता और मुड़िला खुर्द की टीम उपविजेता रही।

वहीं खो-खो में परसिया ने विजेता का खिताब अपने नाम किया, जबकि कोइरीडीहा की टीम उपविजेता रही।मुख्य अतिथि प्रधानाचार्य विक्रम प्रसाद यादव ने कहा कि खेलकूद बच्चों के सर्वांगीण विकास का महत्वपूर्ण माध्यम है। खेल से बच्चों में अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और आपसी सहयोग की भावना विकसित होती है। मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष माध्यमिक शिक्षक संघ रामविलास यादव ने कहा कि खेल केवल जीत और हार तक सीमित नहीं हैं, बल्कि यह जीवन में संघर्ष करने, अनुशासन बनाए रखने और टीम भावना के साथ आगे बढ़ने की सीख देते हैं। परिषदीय विद्यालयों के बच्चों में छिपी प्रतिभा को निखारने के लिए ऐसे आयोजन बेहद जरूरी हैं। खण्ड शिक्षा अधिकारी संजय कुमार ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में प्रतिभाओं की भरमार है। ऐसे खेल आयोजनों से बच्चों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता है। कार्यक्रम का संचालन पूर्व ब्लॉक व्यायाम शिक्षक मुस्तन शेरुल्लाह ने किया। इस दौरान मुख्य अतिथि विक्रम प्रसाद यादव व रामविलास यादव,बीडीओ संजय कुमार, ब्लॉक व्यायाम शिक्षक सुनील कुमार, संजीव राम, मनोज यादव, विजय बहादुर, अतीउल्लाह, पंकज जायसवाल, अम्बेश, अरविन्द यादव, उमाशंकर, रामा आसरे, आनन्द गौतम, पृथ्वीपाल, रामानन्द पाण्डेय, रवि ओझा, बालचन्द्र सहित बड़ी संख्या में शिक्षक एवं गणमान्य लोग मौजूद रहें।

पुलिस अधीक्षक ने पुलिस परिवार के तरफ से,5.51 लाख रुपये की दी आर्थिक सहायता

संतकबीरनगर। दिवंगत पत्रकार शोभित पाण्डेय के परिवार के दुख में सहभागी बनते हुए पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना ने उनके आवास पर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की। इस दौरान उन्होंने शोकाकुल परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया और पुलिस परिवार के तरफ से परिवार की आर्थिक मदद के लिए 5 लाख 51 हजार रुपये की सहायता राशि प्रदान की। साथ ही उन्होंने भरोसा दिलाया कि परिवार को भविष्य में भी हर संभव सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।

पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना ने परिवार के सदस्यों से बातचीत करते हुए कहा कि शोभित पाण्डेय के निधन से परिवार को अपूरणीय क्षति हुई है। इस कठिन समय में पुलिस विभाग परिवार के साथ खड़ा है और उन्हें अकेला महसूस नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने विशेष रूप से दिवंगत पत्रकार की बेटी की शिक्षा को लेकर आश्वस्त किया कि उसकी पढ़ाई में किसी प्रकार की बाधा नहीं आने दी जाएगी।

उसकी शिक्षा जारी रखने के लिए हर संभव सहयोग किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बच्ची का भविष्य सुरक्षित रखना और उसे बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराना प्राथमिकता रहेगी। परिवार को जब भी किसी प्रकार की आवश्यकता होगी, पुलिस विभाग की ओर से यथासंभव सहयोग किया जाएगा। पुलिस अधीक्षक की इस संवेदनशील पहल और आर्थिक सहयोग से शोकाकुल परिवार को काफी संबल मिला। उनके इस मानवीय कदम की पत्रकारों एवं स्थानीय लोगों ने सराहना की। लोगों का कहना है कि किसी परिवार पर दुख का पहाड़ टूटने के बाद इस तरह आगे बढ़कर सहयोग करना मानवीय संवेदना और सामाजिक जिम्मेदारी का सराहनीय उदाहरण है।

पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना की इस पहल ने यह संदेश दिया कि पुलिस का दायित्व केवल कानून-व्यवस्था बनाए रखना ही नहीं, बल्कि जरूरत के समय पीड़ित परिवारों के साथ खड़े होकर उन्हें सहारा देना भी है।

15 नवम्बर से कृषि विभाग द्वारा जारी निवेश मित्र 2.0 पोर्टल होगा बन्द

सिद्धार्थनगर। जनपद सिद्धार्थनगर के समस्त कीटनाशक विक्रेताओं (थोक एवं फुटकर) के लिए महत्वपूर्ण सूचना कृषि विभाग द्वारा जारी की गई है। जिला कृषि रक्षा अधिकारी सिद्धार्थनगर की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया गया है कि शासन के निर्देशानुसार आगामी 15 नवम्बर 2026 से निवेश मित्र 2.0 पोर्टल का संचालन बन्द कर दिया जायेगा। इसके बाद लाइसेंस सम्बन्धी नये आवेदन निवेश मित्र 3.0 पोर्टल के माध्यम से ही किये जा सकेंगे। वहीं जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार अपर कृषि निदेशक (कृषि रक्षा), उत्तर प्रदेश कृषि निदेशालय, लखनऊ के पत्रांक 1276, दिनांक 30 अक्टूबर 2026 के क्रम में यह निर्देश जारी किया गया है। इसमें निवेश मित्र 2.0 पोर्टल पर अब तक लम्बित पड़े लाइसेंस आवेदनों का निर्धारित समय के भीतर निस्तारण करने को कहा गया है। जिला कृषि रक्षा अधिकारी ने जनपद के सभी कीटनाशक विक्रेताओं को निर्देशित किया है कि जिनके लाइसेंस आवेदन निवेश मित्र 2.0 पोर्टल पर लम्बित हैं, उनका समय से निस्तारण कराएं। इसके बाद निवेश मित्र 2.0 पोर्टल पर कोई नया आवेदन न करें। भविष्य में नए लाइसेंस के लिए आवेदन निवेश मित्र 3.0 पोर्टल के माध्यम से ही किया जायेगा। प्रेस विज्ञप्ति में यह भी स्पष्ट किया गया है कि निर्देशों की अनदेखी करते हुए निवेश मित्र 2.0 पोर्टल पर नये आवेदन करने की स्थिति में सम्बन्धित आवेदक स्वयं जिम्मेदार होंगे। जिला कृषि रक्षा अधिकारी ने सभी थोक एवं फुटकर कीटनाशक विक्रेताओं से शासन के निर्देशों का पालन करने की अपील की है।

खो-खो समेत चार स्पर्धाओं में हासिल किया विजेता खिताब

सिद्धार्थनगर। बच्चों की प्रतिभा, मेहनत और खेल भावना का शानदार प्रदर्शन उस समय देखने को मिला, जब विकास खंड खुनियांव में आयोजित ब्लॉक स्तरीय बेसिक बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता सत्र 2026-27 में कम्पोजिट विद्यालय मधवापुर कला के छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का मान बढ़ाया।मेजर ध्यानचंद खेल मैदान, सेमरा में आयोजित प्रतियोगिता में विद्यालय के खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का शानदार परिचय दिया। बालक एवं बालिका वर्ग की खो-खो प्रतियोगिता में विद्यालय की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त कर विजेता का खिताब अपने नाम किया। इसके साथ ही बालिका वर्ग की दौड़ तथा बालक वर्ग की लंबी कूद प्रतियोगिता में भी विद्यालय के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की।

एक ही प्रतियोगिता में विभिन्न खेल स्पर्धाओं में मिली इस सफलता से विद्यालय परिवार में खुशी की लहर दौड़ गई। बच्चों की इस उपलब्धि ने यह साबित कर दिया कि ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाएं भी उचित मार्गदर्शन, मेहनत और अभ्यास के दम पर अपनी अलग पहचान बना सकती हैं।

विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक कुतबुल्लाह, शिक्षामित्र संतोष कुमार एवं सहायक अध्यापक राज कुमार यादव ने विजेता छात्र-छात्राओं की सराहना करते हुए उन्हें बधाई दी। शिक्षकों ने कहा कि बच्चों की लगन, अनुशासन और कठिन परिश्रम के साथ शिक्षकों के मार्गदर्शन का यह सुखद परिणाम है। उन्होंने बच्चों को भविष्य में भी इसी तरह मेहनत कर विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय की इस उपलब्धि पर शिक्षकों, अभिभावकों एवं क्षेत्रवासियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सभी विजेता खिलाड़ियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।